रामनगर में करोड़ों की सड़क पर दरारें

घटिया सड़क निर्माण की खुली पोल, पहली बारिश में बही पटरी

नवभारत न्यूज

रामनगर 11 जुलाई, सतना और मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र में सरकारी पैसों की बंदरबांट और बुनियादी ढांचा विकास के नाम पर बड़े झोलझाल का मामला सामने आया है। गोविंदगढ़ से जिगना और जिगना से गोरसरी पहुंच मार्ग तक करोड़ों रुपये की भारी-भरकम लागत से बनाई जा रही सड़कें पहली ही मानसूनी बरसात में ताश के पत्तों की तरह बिखर गई हैं।

यहाँ कराया गया घटिया सड़क निर्माण पहली ही बारिश में पूरी तरह बेनकाब हो गया है, जिससे जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपया पानी में बहता नजर आ रहा है।

गोविंदगढ़ से जिगना मार्ग पहली बारिश में गायब हुई पटरियां- गोविंदगढ़ से जिगना मार्ग पर चल रहा निर्माण कार्य कछुआ गति से पिछले कई सालों से खिंच रहा है। हाल ही में हुए निर्माण के बाद पहली ही मानसूनी बारिश के थपेड़े से इस नवनिर्मित मार्ग की पटरियां (शोल्डर्स) पूरी तरह पानी में बहकर गायब हो गई हैं। गुणवत्ता के नियमों को ताक पर रखकर यहाँ मानक गिट्टी के बजाय पास के पहाड़ का अनुपयुक्त रोड़ा (पत्थर) और मिट्टी निकालकर काम पूरा किया जा रहा है। इस घोर लापरवाही का आलम यह है कि जल निकासी के लिए बनाई गई सीमेंट की नई पुलियां पहली ही बारिश के बहाव में आई मिट्टी और कीचड़ के नीचे पूरी तरह दफन हो चुकी हैं।

जिगना से गोरसरी मार्ग- एक साल में ही सड़क पर आई चौड़ी दरारें- यही हाल जिगना से लेकर गोरसरी तक पिछले साल निर्मित हुई पीसीसी पक्की सड़क का भी है। %पीडी अग्रवाल कॉन्सट्रक्सन कंपनी% द्वारा बनाई गई इस करोड़ों की सड़क पर जगह - जगह चौड़ी और गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। सड़क के दोनों किनारों की पटरियां गायब हैं और इस मार्ग की पुलिया भी गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। ठेकेदार द्वारा दरारों को छिपाने के लिए कुछ जगहों पर पुल्टिस (लीपापोती) लगाने का प्रयास जरूर किया गया, लेकिन घटिया बेस होने के कारण दरारें लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। जिस काम को 'ए - क्लास' बताकर वाह-वाही लूटी गई थी, वह आज भ्रष्टाचार का जीवंत नमूना बन चुका है।

कमीशनखोरी के इस खेल में जिम्मेदार लोग अपना बैंक बैलेंस बढ़ा रहे हैं, जबकि आम जनता की जान को खतरे में डाल दिया गया है। वर्तमान में सतना और मैहर जिले के भीतर संविदाकारों की मनमानी और प्रशासनिक भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहा विरोध प्रदर्शन व्यवस्था की इस बदहाली को पूरी तरह उजागर करता है।

भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के कारण बढ़ रहे हादसे

स्थानीय ग्रामीणों और सूत्रों का आरोप है कि इन निर्माण कार्यों में अधिकारियों, राजनेताओं और संविदाकार (ठेकेदार) की आपसी साठगांठ और भारी कमीशनखोरी हावी थी। ठेकेदार को मनमानी करने की छूट देकर करोड़ों के काम को पूरी तरह से गुणवत्ताविहीन कर दिया गया। इस रद्दी सड़क निर्माण के कारण दोपहिया और साइकिल चालक संतुलन खोकर लगातार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। नई सड़क बनने के बाद से अब तक इस मार्ग पर सैक ?ों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन एमपीआरडीसी (स्क्क्ष्ट) के जिम्मेदार महाप्रबंधक और यंत्री जैसे उच्च पदों पर बैठे अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

नवांकुर संस्थाओं के सामाजिक कार्यकर्ता समाज के देवतुल्य हैं

- मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नवागत जिला समन्वयक ने मझगवां में लिया परिचय एवं समन्वय सत्र, तीन वर्षीय कार्ययोजना पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

मझगवां 11 जुलाई, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नवागत जिला समन्वयक आशीष ताम्रकार ने विकासखंड मझगवां में नवांकुर संस्थाओं के सेक्टर प्रभारियों, परामर्शदाताओं एवं प्रतिनिधियों के साथ परिचय एवं समन्वय सत्र में सहभागिता करते हुए सामाजिक सरोकारों पर आधारित योजनाबद्ध कार्य करने का आह्वान किया।

अपने उद्बोधन में श्री ताम्रकार ने कहा कि नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि हमारे वास्तविक सामाजिक कार्यकर्ता हैं और सामाजिक कार्यकर्ता देवतुल्य होते हैं। जन अभियान परिषद की पहचान आप सभी के समर्पित कार्यों से ही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वे प्रतिदिन दो विकासखंडों का भ्रमण कर रहे हैं, लेकिन आने वाले समय में प्रत्येक विकासखंड में पर्याप्त समय देकर प्रवास करने और क्षेत्रीय कार्यों को निकट से समझने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अनावश्यक दबाव लेने के बजाय प्रसन्न मन से कार्य करें। उन्होंने आगामी गतिविधियों के लिए स्पष्ट एक्शन प्लान तैयार करने तथा कम से कम तीन वर्ष की कार्ययोजना बनाकर उसे छोटे-छोटे लक्ष्यों में विभाजित करते हुए चरणबद्ध तरीके से पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक प्रस्फुटन समिति को कम से कम एक प्रमुख सामाजिक विषय को अपनाकर प्रभावी कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने आदर्श ग्राम निर्माण, नर्सरी विकास, संस्कार केंद्र संचालन, स्वैच्छिकता पर्व एवं नवांकुर सखी जैसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अरुण सिंह ने कहा कि सभी नवांकुर संस्थाओं, परामर्शदाताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से मझगवां विकासखंड को जन अभियान परिषद का एक आदर्श एवं उत्कृष्ट विकासखंड बनाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। परिचय सत्र के उपरांत ग्राम देवलहा की शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं ने अपना-अपना परिचय देते हुए क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था शिवा ग्रामीण विकास संस्थान के संस्थापक बृजेंद्र सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन संजू मिश्रा ने व्यक्त किया।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवांकुर संस्थाओं से गंगा प्रसाद कुशवाहा, रामकृष्ण नामदेव, बृजेंद्र सिंह एवं राजेश त्रिपाठी तथा परामर्शदाताओं में संजू मिश्रा, रंगलाल मवासी एवं अनुराग त्रिपाठी सहित अन्य सेक्टर प्रभारी, परामर्शदाता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राम मंदिर लूट कांड के आरोपियों के घर पर योगी सरकार चलाये बुलडोजर : मान सिंह

मुख्यमंत्री के दौरे को सपा नेता ने बताया हवा-हवाई

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 11जुलाई उत्तर प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चित्रकूट दौरे को सपा नेता ने हवा-हवाई बताया हैं। सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिह पटेल का आरोप है कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेष में बलात्कार, मर्डर, लूट, डकैती चरम सीमा पर है। सीएम योगी अपराध और भ्रष्टाचार रोक पाने में नाकाम साबित हुए है।

सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिह पटेल ने सीएम योगी के दौरे को चित्रकूट के लिए निराषा जनक बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार में देष और प्रदेष में लूट मची हुई है। थाना और तहसील के साथ-साथ मठ-मंदिर तक सुरक्षित नही है। राम मंदिर में हुई डकैती में भाजपा की केंद्र और प्रदेष की डबल इंजन की सरकार षामिल है। राम के नाम पर सत्ता में आने वाली भाजपा ने भगवान राम के मंदिर तक को नही छोडा। पूरा उत्तर प्रदेष भ्रष्टाचार और अपराध की आग में जल रहा है। सामंतवादियों का सत्ता पर बोलबाला है। सरकार का विरोध करने वाले सपा के पीडीए के नेताओं को निषाना बनाया जा रहा है। उन्होने दावा किया कि भाजपा का सफाया कर 2027 में पूर्ण बहुमत के साथ अखिलेष यादव के नेतृत्व में सपा सरकार बनायेगी। उन्होने कहा कि अपराध पर लगाम लगा पाने में नाकाम रहे सीएम योगी को मुख्यमंत्री पद त्याग कर गोरखनाथ मठ संभालना चाहिए। सीएम योगी ने अपने कार्यकाल में नफरत के अलावा कोई विकास नहीं किया। चित्रकूट में तो योगी ने अपनी जुबान से कहा कि यहां समाजवादी पार्टी का सांसद और विधायक है इसलिए यहां का विकास हमने नहीं किया।

रामपुर बाघेलान में बिजली संकट को लेकर आंदोलन की चेतावनी

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी ने प्रशासन को चेताया

नवभारत न्यूज

कोटर 11 जुलाई, रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर महीनों से जले पड़े हैं, जबकि बिजली की तारें टूटने के कारण आपूर्ति प्रभावित है। हाल ही में हुई बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए हैं।

क्षेत्र के अनेक गांवों में पिछले एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति बंद होने से ग्रामीणों को पेयजल, खेती-किसानी और दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी ने जिला कलेक्टर एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों से तत्काल कार्यवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि जले हुए ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जाए, टूटी हुई बिजली लाइनों की मरम्मत कर सभी प्रभावित गांवों में शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल की जाए। श्री पयासी ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

सतना जिले में अब तक 231 .1 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

नवभारत न्यूज

सतना 11 जुलाई, जिले में इस वर्ष 1 जून से 10 जुलाई तक 231.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 326.3 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 234.6 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 242.9 मि.मी, बिरसिंहपुर में 330.9 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 212.4 मि.मी., नागौद में 232.8 मि.मी., जसो (नागौद) में 78.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 190.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 253.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

सीडीओ डीपी पाल ने किया प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रही प्रतियोगिता, प्रदेश के 18 मंडलों की टीमें कर रहीं प्रतिभाग

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 11 जुलाई, उत्तर प्रदेश खेल निदेशालयएवं एवं बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में आयोजित प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डी0पी0पाल एवं विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग के महासचिव प्रमोद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

सर्वप्रथम अरविंद कुमार क्रीड़ा अधिकारी चित्रकूट द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 मंडलों से लगभग 200 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है।

उदघाटन समारोह में मुख्य विकास अधिकारी डी0पी0 पाल ने कहा कि बॉक्सिंग एक बेहतरीन शारीरिक और मानसिक व्यायाम है जो ताकत सहनशक्ति और फुर्ती बढ़ता है। हालकि इसमें सर और शरीर पर गंभीर चोट का भारी जोखिम भी शामिल होता है। इसके नफा नुकसान को समझना इस कैरियर या फिटनेस के रूप में चुनने वालों के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि यह बहुत ही गौरव की बात है कि जनपद चित्रकूट में पूरे प्रदेश भर की टीमे प्रतिभा कर रही है और इसे अपने जनपद चित्रकूट का नाम रोशन हो रहा है।

उन्होने कहा कि सभी लोग मिलजुल करके खेलें। क्रीड़ा अधिकारी अरविंद कुमार सोनकर ने सभी आए हुए मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह प्रतियोगिता 10 तारीख से 13 तक चलेगी।

प्रतियोगिता में प्रयागराज, मिर्जापुर, बनारस,आजमगढ़, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, गोंडा, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर,मेरठ मंडल के अलावा छात्रावास अलीगढ़, आगरा, कानपुर, झांसी, चित्रकूट आदि मंडल की टीमें सहभागिता कर रहीं है।

चित्रकूट में आज मनाया जाएगा वृक्षारोपण महोत्सव

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 11 जुलाई, उत्तर प्रदेशशासन के निर्देशानुसार रविवार को जनपद में वृक्षारोपण महोत्सव मनाया जाना है इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए चित्रकूट धाम मंडल के आयुक्त अजीत कुमार ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी अधिकारियों की बैठक करके वृक्षारोपण महोत्सव को सफल बनाने का आवाहन किया है ।

कहा कि इस अभियान को एक उत्सव की तरह मनाया जाए। मुख्यमंत्री जी की इच्छा है पूरे चित्रकूट को हरा भरा बनाएं ।जिले में जो 86 लाख वृक्षारोपण करने का लक्ष्य है उससे भी हम लोग अधिक वृक्ष लगाकर इस महोत्सव को सफल बनाएं ।इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारी आमजन समाजसेवी शिक्षक बच्चे हर वर्ग कोई भी व्यक्ति वृक्षारोपण से वंचित न रहे ।जन.जन में ऐसी जागरूकता ऐसी प्रेरणा दी जाए कि लोग जहां भी खाली जमीन हो वहां वृक्षारोपण करें ताकि जनपद में पर्यावरण अच्छा से अच्छा बनाया जा सके ।आयुक्त अजीत कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण का महत्व जीवन में हर व्यक्ति के जीवन के लिए है वृक्षों से ही हमें ऑक्सीजन मिलती है लकड़ी मिलती है फल खाने को मिलते हैंएइस तरह का महत्व सबको बताया जाए। रविवार को इस अभियान का शुभारंभ हनुवां ग्राम पंचायत में होने जा रहा है सभी अधिकारी बढ चढ़कर हिस्सा लें और जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि लक्ष्य से भी ज्यादा रोपण चित्रकूट में हो सके आयुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण महोत्सव में सभी अधिकारी पूर्ण मनोयोग से लगे जिसको जो लक्ष्य मिला है उससे भी अधिक पौधारोपण करना है ।उनकी रक्षा सुरक्षा भी करना है ।ताकि आगे चलकर यह पौधे वृक्ष के रूप में तैयार हो सकें ।आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी व्यक्ति से काम लेने की कला सीखनी चाहिए यदि कोई अधिकारी अपने अधीनस्थों से अपेक्षित कार्य नहीं ले पा रहा है यह उसकी कमजोरी मानी जाती है । हर व्यक्ति से डांटकर व हड़काकर काम नहीं लिया जा सकता कुछ कर्मचारी जरूर होते हैं जिन्हें डांटना पड़ता है तभी वे काम वह करते हैं ण्कुछ कर्मचारी काम में अच्छे नहीं होते लेकिन वह व्यवस्था बहुत अच्छी करते हैं इस तरह से हमें किस कर्मचारी से क्या काम लेना है इसकी भी कला आनी चाहिए क्योंकि टीम लीडर जब अच्छा होता है तभी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कटियार ने बताया कि जनपद चित्रकूट के लिए शासन की ओर से 86 लाख पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

ब्लड कैंसर से जूझ रही मासूम भार्गवी के इलाज का देवदूत वानर सेना जिम्मा उठाया

बोन मैरो ट्रांसप्लांट के इलाज के लिए मासूम हुई है भर्ती

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 11जुलाई, ब्लड कैंसर से जूझ रही मासूम भार्गवी के इलाज के लिए देवदूत वानर सेना संगठन के संरक्षक एवं समाज कल्याण विभाग में उपनिदेशक अजीत सिंह ने आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाली है। बच्ची का बोन मैरो ट्रांसप्लांट होना है और इसके लिए उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

बच्ची के पिता शिक्षक नरेंद्र कुमार के अनुसार, डॉक्टरों ने भार्गवी के इलाज और बोन मैरो ट्रांसप्लांट पर करीब 50 लाख रुपये खर्च होने का एस्टीमेट है। समाज के सहयोग से अब तक लगभग 14 लाख रुपये की व्यवस्था हो चुकी है, जबकि शेष धनराशि जुटाने के प्रयास जारी हैं।

अजीत सिंह के आह्वान पर चित्रकूट के कई राजनीतिक चेहरे, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है। कई संस्थाएं और समाजसेवी आर्थिक सहयोग जुटाने के साथ लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बताया गया कि अजीत सिंह कोरोना काल से ही जरूरतमंद मरीजों और असहाय लोगों की मदद के लिए लगातार सक्रिय रहे हैं। उनके प्रयासों से कई गंभीर मरीजों को समय पर इलाज मिल सका है। अब उन्होंने मासूम भार्गवी के इलाज का भी बीड़ा उठाया है और समाज से सहयोग की अपील की है ।उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक मदद का विषय नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल पेश करने का अवसर है। यदि अधिक से अधिक लोग सहयोग के लिए आगे आएं तो बच्ची का इलाज पूरा कराया जा सकता है और उसे नया जीवन मिल सकता है।

बजट मिलते ही कराया जाएगा जल निकासी के नाले का निर्माण : नरेंद्र

जलभराव की समस्या का कराया गया अस्थायी समाधान

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 11 जुलाई, नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी के वार्ड संख्या.21 शास्त्री नगर में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका ने अस्थायी व्यवस्था कराई।

मोहल्लेवासियों की मांग पर सभासद शंकर प्रसाद यादव स्वयं जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और जल निकासी की व्यवस्था कराकर लोगों को राहत दिलाई।

जानकारी के अनुसार इलाहाबाद रोड स्थित डॉण् सुरेंद्र का हाता नई कॉलोनी में बारिश के बाद भारी जलभराव हो गया था। पानी लोगों के घरों तक पहुंचने लगा था जिससे आवागमन बाधित होने के साथ ही सांप और बिच्छू निकलने की घटनाओं से क्षेत्रवासी दहशत में थे। लगातार बढ़ रही परेशानी को देखते हुए नगर पालिका की ओर से तत्काल अस्थायी रूप से जल निकासी की व्यवस्था कराई गई ।नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र की समस्या के स्थायी समाधान के लिए बड़े जल निकासी नाले के निर्माण की योजना तैयार है। उन्होंने कहा कि जैसे ही आवश्यक बजट उपलब्ध होगाए नाले का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाएगाए जिससे भविष्य में जलभराव की समस्या से लोगों को स्थायी राहत मिल सके ।इस दौरान अधिशासी अधिकारी लालजी यादव और सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला की देखरेख में राहत कार्य कराया गया। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका प्रशासन सभासद शंकर प्रसाद यादव तथा संबंधित अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए शीघ्र स्थायी समाधान की मांग भी दोहराई.

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरित किए गए नि :शुल्क स्मार्टफोन

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 11जुलाई बाल विकास परियोजना कार्यालय रामनगर में राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नि:शुल्क स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र पटेल ने 94 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन प्रदान किए।

बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र पटेल ने बताया कि स्मार्टफोन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अब विभागीय कार्यों का ऑनलाइन संचालन करेंगी। बताया कि पोषण ट्रैकर पोषण टैकर ऐप के माध्यम से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का पंजीकरण, पोषण संबंधी जानकारी, टीकाकरण, गृह भ्रमण, लाभार्थियों का विवरण तथा अन्य विभागीय सूचनाएं डिजिटल रूप से दर्ज की जाएंगी। इससे कार्यों में पारदर्शिता आएगी और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी ।और आकांक्षी ब्लॉक् रामनगर के सभी इंडिकेटर को पूरा करने एवं सही डेटा संग्रह करने मैं मदद मिलेगी। स्मार्टफोन प्राप्त करने पर कार्यकत्रियों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विभागीय कार्यों के निष्पादन में सुविधा मिलेगी और लाभार्थियों तक योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से मोबाइल का सही उपयोग करने तथा शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध रूप से ऑनलाइन डाटा अपलोड करने की अपील की। इस मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार, पीएमएमवीवाई से प्रशांक खरे, राकेट लर्निंग से प्रवीण, सुपरवाइजर मीना देवी, रीता सिंह आदि मौजूद रहे।